**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**
**(छत्तीसगढ़ी)**

**18.10 शनिवार** **दिनांक 29.06.2024**

*********************************************

**प्रमुख समाचार** –

- प्रदेस के पंजीकृत मजदूर मनके लइका मन ल आने–आने प्रतियोगी परीक्षा बर एक जुलाई ले मुफ्त कोचिंग के मिलही सुविधा।

- प्रधानमंत्री ह काली **''मन की बात''** कारीकरम के एक सौ ग्याहरवां कड़ी म अपन बिचार साझा करही।

- प्रदेस म मानसून के सक्रियता एक घांव फेर बाढ़ गेहे – मध्य छत्तीसगढ़ म लउके गरजे के संग भारी बरसा होय के चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार ले ...**

**श्रमिक बच्चे–कोचिंग**

प्रदेस के पंजीकृत मजदूर मनके लइका मन ल आने–आने प्रतियोगी परीक्षा के तियारी बर एक जुलाई ले मुफ्त कोचिंग के सुविधा मिलही। ए योजना म पीएससी, व्यापम, अउ बैकिंग के प्रतियोगी परीक्षा बर श्रमिक मनके लइका मन ल कोचिंग दे जाही। ए योजना ह सबले पहिली ए दस जिला–

रईपुर, बिलासपुर, दुरूग, धमतरी, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा अउ महासमुंद म सुरू होही।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ह बतइन कि छत्तीसगढ़ भवन अउ आने सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत मजदूर मनके लइका मन बर ए योजना सुरू करे गेहे। योजना के फायदा लेहे बर हितग्राही ह अपन ले, च्वाईस सेंटर ले या श्रम कार्यालय के माध्यम ले ऑनलाइन आवेदन कर सकथे। ए कोचिंग ह ऑनलाइन के संगेसंग ऑफलाइन घलो मिलही।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह काली बिहनिया ग्यारह बजे आकाशवाणी के ''मन की बात'' कारीकरम म देस–विदेस के मनखे मन संग अपन बिचार साझा करही। ए कड़ी ह मासिक रेडियो कारीकरम के एक सौ ग्याहरवां कड़ी होही। श्री मोदी के सरलग तीसरइया पइत प्रधानमंत्री पद संभाले के बाद मन की बात कारीकरम के ए ह पहली कड़ी होही। ए कारीकरम ल आकाशवाणी अउ दूरदर्सन के जम्मों नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट अउ न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप म प्रसारित करे जाही। एला आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय अउ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल मन म घलो प्रसारित करे जाही। हिंदी प्रसारण के तुरते बाद क्षेत्रीय भाखा मन म घलो एखर प्रसारण होही।

## एनटीए–परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी याने एनटीए ह रद्द अउ स्थगित करे गे परीक्षा मन बर नवा–नवा तारीख के घोसना कर देहे। एनटीए कोति ले काली जारी

एक अधिसूचना अनुसार यूजीसी–नेट परीक्षा अब इक्कीस अगस्त ले चार सितंबर के बीच होही।

उहें, संयुक्त सीएसआईआर– यूजीसी–नेट परीक्षा अब पचीस ले सत्ताईस जुलाई के बीच राखे जाही। चार बछर के इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेसन प्रोग्राम याने आईटीईपी म प्रवेस बर नेसनल कॉमन इंट्रेंस टेस्ट ह दस जुलाई के होही।

एनटीए ह किहीस हे कि अखिल भारतीय आयुष पोस्ट ग्रेजुएसन प्रवेस परीक्षा ह अपन पहिली ले तय कारीकरम जइसन अवइया महिना के छै तारिख के होही। ए संबंध म जादा जानकारी एनटीए के आधिकारिक वेबसाइट ले लेहे जा सकथे।

## आयुष्मान भारत–सम्मान

आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कारीकरम म सुघ्घर काम बर छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिसन के टीम ल सम्मानित करे गेहे। नई दिल्ली म राखेगे एक कारीकरम म केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ह बलौदाबाजार के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र सहसा अउ जिला चिकित्सालय कोंडागांव के टीम ल सम्मान प्रदान करीन।

## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष–बैठक

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर अभी छत्तीसगढ़ के दू दिनी दउरा म हे। ओमन ह आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेसक अशोक जुनेजा समेत आने–आने विभाग के अधिकारी मन संग बइठका करीन। ए मउका म श्री अहीर ह किहीन कि निजी कंपनी मन म घलो पिछड़ा वर्ग के लोगन मन ल आरक्षण के तहत

फायदा मिलना चाही। ओमन बतइन कि राज्य म सूचीबध्द पंचानवे म ले सड़सठ पिछड़ा जाति मन ह केंद्रीय सूची म घलो जुड़े हे। ओमन राज्य सरकार कोति ले चलाय जावत प्रयास अवासीय विद्यालय अउ यूपीएससी परीक्षा बर दे जावत कोचिंग ल घलो सराहिन।

## कर्मचारी पेंशन योजना–संशोधन

केंद्र सरकार ह कर्मचारी पेंसन योजना म सुधार करे हे। एखर ले अब छै महिना ले कम अंसदायी सेवा वाले ईपीएस सदस्य मन ल घलो निकासी के फायदा मिल पाही। एखर ले हर बछर सात लाख ले जादा सदस्य मन ह लाभान्वित होही। निकासी लाभ के रासि सदस्य कोति ले देगे सेवा के पूरा महिना के गिनती अउ ओ वेतन उपर होही, जेन उपर ईपीएस योगदान मिले रिहीस।

## मुख्य सचिव–बलौदाबाजार दौरा

प्रदेस के मुख्य सचिव अमिताभ जैन अउ पुलिस महानिदेसक अशोक जुनेजा ह काली रतिहा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के दउरा करीन। ओमन आगी लगे के घटना के बाद कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के पूरा होय मरम्मत काम के जायजा लीन अउ अधिकारी मन संग बइठका घलो करीन।

ए मउका म मुख्य सचिव ह किहीन कि आम लोगन संग सीधा गोठबात करे अउ उंखर समस्या के तत्काल निपटारा करे बर जनसमस्या निवारण सिविर सुरू करे जाही। उहें, पुलिस महानिदेसक अशोक जुनेजा ह किहीन कि ए घटना म जतका झन के विरूध्द साक्ष्य मिलत हे, ओतके मन उपर कानूनी कार्रवाई करे जाय।

कलेक्टर दीपक सोनी ह बतइन कि पूरा जले गाड़ी मनके बीमा दावा रासि के भुगतान सुरू होगे हे। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ह बतइन कि ओ रैली के मुख्य आयोजक अउ ओखर सहयोगी मन समेत अब तक एक सौ तिरपन आरोपी मन के गिरफ्तारी होय हे। संदेही मनके सरलग जांच करे जात हे।

**राज्य नीति आयोग–उपाध्यक्ष**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ल राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद के अतकहा प्रभार दे गेहे। ए बारे म सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ह आदेस जारी करे हे।

**मौसम**

**अउ अब सुनव मौसम के हाल...**

प्रदेस म मानसून के सक्रियता एक घांव फेर बाढ़ गेहे अउ बहुत जिला म पानी गिरत हे। मौसम विभाग ह अवइया चौबीस घंटा म मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दू जघा म लउके गरजे के संग भारी बरसा होय के चेतावनी देहे।

मौसम वैज्ञानी एच.पी.चन्द्रा ह बतइन कि एक निम्नदाब के क्षेत्र उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी अउ ओखर ले लगे तटीय उड़िसा, गंगेटिक पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर बने हे। संगेसंग उपरी हवा म चक्रवात घलो बने हे एखरे असर ले प्रदेस म बरसा होही।

**हाथी–आतंक**

सारंगढ़–बिलईगढ़ जिला के गोमर्डा अभयारण्य क्षेत्र म जंगली हाथी मनके एक दल पाछू एक बछर ले डेरा डाले हवय। सहसपानी, मल्दा, कनकबीरा, अचानक पाली, नरेश नगर समेत दू दर्जन ले जादा गांव म हाथी मनके झुंड ह किंजरत हे। वन विभाग के टीम ह जंगली हाथी के अवई–जवई म सरलग निगरानी राखे हे। हाथी मन ह ग्रामीण मनके फसल ल घलो नुकसान पहुंचाय हे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ह बतइन कि हाथी के उत्पात ले परभावित करीब डेढ़ सौ किसनहा मन ल मुआवजा रासि दे दे गेहे।

## हल्बी / गोण्डी–समाचार बुलेटिन

सुनइया मन ल बतादन कि काली ईतवार के **"हल्बी" अउ "गोण्डी"** बोली म समाचार बुलेटिन परसारित करे जाही। ए दूनों बुलेटिन आकाशवाणी केंद्र, जगदलपुर ले परसारित होही। जेला बस्तर संभाग म ही सुने जा सकही। हल्बी म समाचार बुलेटिन बिहनिया साढ़े सात बजे अउ गोण्डी म समाचार बुलेटिन संझा साढ़े छै बजे परसारित करे जाही।

## जिले की चिट्ठी

आकाशवाणी रईपुर के प्रादेसिक समाचार एकांश डहार ले प्रस्तुत कारीकरम "**जिले की चिट्ठी**" के प्रसारण काली संझा छै बजके पांच मिनट ले छै बजके दस मिनट तक करे जाही। ए कारीकरम ल प्रदेस के सब्बो आकाशवाणी केंद्र एके संघरा रिले करही। ए दारी के अंक म "**दुरूग**" जिला के बारे म जानकारी दे जाही।

## संक्षिप्त समाचार

## अउ अब थोरकुन समाचार सार म –

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह काली नई दिल्ली म छत्तीसगढ़ के नवा सांसद मनके बइठका म सामिल होइन।

– एक जुलाई ले लागू होवइया तीन नवा कानून के बारे म सक्ती म आज एक कार्यसाला आयोजित करे गीस, जेमा कानून के जानकार मन ह ए बारे म बिस्तार ले बतइन।

– छत्तीसगढ़ व्यापम कोति ले प्री–बीएड अउ प्री–डीएलएड परीक्षा काली दू पाली म ले जाही।

**अउ**

– टवेंटी–टवेंटी किरकेट विस्व कप के फाइनल मैच आज भारतीय समयानुसार रतिहा आठ बजे ले भारत अउ दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाही।

*******************************************